रीसस मकॉक में समान-लिंग व्यवहार

इंपीरियल कॉलेज लंदन के शोधकर्त्ताओं द्वारा **"जेनेटिक्स, सोशल एन्वायरनमेंट एंड इवोल्यूशन ऑफ मेल सेम-सेक्स बिहेवियर इन रीसस मकॉक्स" (Genetics, Social Environment and Evolution of Male Same-Sex Behavior in Rhesus Macaques)** शीर्षक से किये गए एक हालिया अध्ययन ने **जंतुओं में समान-लिंग व्यवहार (Same-Sex Behavior- SSB)** के बारे में पारंपरिक मान्यताओं को चुनौती दी है।

- SSB में जंतुओं की भागीदारी को **'डार्विनियन पैराडॉक्स (Darwinian paradox)'** माना गया है; यदि **प्रजनन विकास के लिये महत्त्वपूर्ण है, तो SSB (जो गैर-प्रजनन है) का अस्तित्व समाप्त हो जाना चाहिये।**
- इस हालिया अध्ययन में पाया गया कि **रीसस मकॉक में नर में SSB बहुत आम है** और इसके विकास में बाधा नहीं पहुँचाता है।

अध्ययन के मुख्य निष्कर्ष:

- **नर बंदरों में समान-लिंग व्यवहार (SSB)।**
  - यह अध्ययन **प्यूर्टो रिको के पूर्व में एक द्वीप केयो सैंटियागो में रीसस मकॉक, एक सामान्य बंदर मॉडल (A Common Monkey Model)** में देखे गए **नर समान लिंग** व्यवहार पर केंद्रित है।
    - 72% नर रीसस मकॉक सेम-सेक्स माउंटिंग (Same-Sex Mounting) में संलग्न पाए गए।
    - केवल 46% ने भिन्न-सेक्स माउंटिंग (Different-Sex Mounting) प्रदर्शित किया।
  - यह इस धारणा को चुनौती देता है कि SSB अपनी गैर-प्रजनन प्रकृति के कारण विकास के सिद्धांतों को खंडित करता है।
- **गैर-आनुवंशिक कारकों की भूमिका:**
  - अध्ययन **सामाजिक संपर्क** और पर्यावरण जैसे बाहरी कारकों पर विचार करता है।
  - ये गैर-आनुवंशिक तत्त्व नर रीसस मकॉक (Male Rhesus Macaques) में SSB की अभिव्यक्ति में योगदान करते हैं।
    - SSB वाले बंदर साझा दुश्मनों से लड़ने के लिये एकजुट होते हैं।
    - नर SSB भावनात्मक व्यवहार और विनियमन के रूप में काम कर सकता है।
- **प्रजनन स्वास्थ्य से कोई समझौता नहीं:**
  - अध्ययन इस धारणा को चुनौती देता है कि **SSB गर्भधारण की संभावनाओं को कम** कर देता है क्योंकि **यौन रूप से सक्रिय SSB और DSB दोनों में संलग्न** होते हैं।
  - **SSB में संलग्नता और मकॉक आबादी में संतानों की संख्या में कमी के बीच कोई सीधा संबंध नहीं है**
- **भविष्य के अनुसंधान**:
  - मादा SSB तथा अन्य बंदर प्रजातियों के बारे में जानने के लिये और अधिक शोध की आवश्यकता है।
  - सांस्कृतिक एवं सामाजिक-आर्थिक प्रभावों के कारण परिणामों को सीधे मनुष्यों तक नहीं बढ़ाया जा सकता है।

स्रोत: द हिंदू

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/same-sex-behavior-in-rhesus-macaques